Nai Dunia (Indore), 24th March 2022, Page – 06

# इंदौर के ब्रजेश भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में

इंदौर। शहर के ब्रजेश द्विवेदी का चयन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है। वे बांग्लादेश क्रिकेट एसोसिएशन फार द फिजिकली चैलेंज्ड द्वारा 27 मार्च से बांग्लादेश में आयोजित बंगबंधु टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। आइआइटी इंदौर के गैरशिक्षण कर्मचारी के रूप में कार्यरत ब्रजेश टीम में मप्र से एकमात्र खिलाड़ी हैं।



ब्रजेश द्विवेदी